# अमर उजाला

## एम्स ऋषिकेश में रोपे गए पौधे



एम्स परिसर में पौधरोपण करतीं निदेशक व क्लब के पदाधिकारी। स्रोत : संस्था

ऋषिकेश। एम्स में रोटरी क्लब की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एम्स निदेशक डॉ. मीनू सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष मेहबान सिंह बिष्ट, सचिव मनीष राजपूत आदि ने परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ इनका संरक्षण भी जरूरी है। संवाद

# प्रधान टाइम्स

## पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का लिया संकल्प

ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स, ऋषिकेश एवं रोटरी क्लब, ऋषिकेश के संयुक्त तत्वावधान में हरेला पर्व माह के अंतर्गत आयोजित अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के औषीय पादपों का रोपण किया गया। इस अवसर पर निदेशक एम्स प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के समुचित उपायों से ही जीवन का संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने प्राणवायु को जीवन का आधार बताया और पर्यावरण संवर्धन की महत्ता के मद्देनजर पौधरोपण मुहिम को विभिन्न क्षेत्रों में वर्षभर जारी रखने की पुरजोर आवश्यकता बताई।



गौरतलब है कि राज्य में बीती 16 जुलाई से हरेला पर्व (माह) का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एम्स परिसर गेट नंबर-दो स्थित मिलेट कैफे के आसपास के क्षेत्रों में संस्थान की निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह की अगुवाई में एम्स के चिकित्सकों, फैकल्टी सदस्यों एवं रोटरी क्लब, ऋषिकेश के सदस्यों ने पौधरोपण अभियान चलाया। जिसके तहत औषधीय गुणों से युक्त विभिन्न प्रजातियों के हर्बल पौधों का रोपण किया गया।

बताया गया है कि इस दौरान अशोक, आंवला, हरड़, बहेड़ा आदि के करीब 50 पौधे रोपे गए मुख्य अतिथि निदेशक एम्स प्रो. मीनू सिंह, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा परिषद, उत्तराखंड के उपाध्यक्ष जीत सिंह बिष्ट, डीन अकादमिक प्रोफेसर डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, डीन रिसर्च प्रो. एसके हांडू, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्य श्री, आयुष विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका पठानिया, एसई कर्नल कुशल देव, ईई महावीर सिंह, पीपीएस विनीत कुमार, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. श्रीलॅय मोहंती, रोटरी क्लब के अध्यक्ष एमएस बिष्ट, सचिव मनीष राजपूत, रोटेरियन जितेंद्र बर्थवाल, गोपाल अग्रवाल, हिमांशु गुल्हाटी, डॉ. डीके श्रीवास्तव, डॉ. हरिओम प्रसाद, रोटेरियन नवीन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# दैनिक जागरण

## चिकित्सकों ने पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया



पौधारोपण करते एम्स के चिकित्सक और रोटरी क्लब के सदस्य • क्लब

जागरण संवाददाता, ऋषिकेश: एम्स और रोटरी क्लब, ऋषिकेश की ओर से हरेला पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के समुचित उपायों से ही जीवन को संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण संवर्धन की महत्ता के मद्देनजर पौधारोपण मुहिम को विभिन्न क्षेत्रों में वर्षभर जारी रखने की आवश्यकता बताई।

राज्य में 16 जुलाई से हरेला पर्व का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को एम्स परिसर गेट नंबर दो स्थित मिलेट कैफे के आसपास के क्षेत्रों में संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के नेतृत्व में एम्स के चिकित्सकों, फैकल्टी सदस्यों एवं रोटरी क्लब, ऋषिकेश के सदस्यों ने पौधारोपण अभियान चलाया। इस दौरान अशोक, आंवला, हरड़, बहेड़ा आदि के करीब 50 पौधे रोपे गए। इस दौरान ग्रामीण अभियंत्रण सेवा परिषद के उपाध्यक्ष जोत सिंह बिष्ट, डीन अकादमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय, डीन रिसर्च प्रो. एसके हांडू, जनसंपर्क अधिकारी डा. श्रीलाय मोहंती, रोटरी क्लब के अध्यक्ष एमएस बिष्ट, सचिव मनीष राजपूत, रोटेरियन जितेंद्र बर्थवाल, गोपाल अग्रवाल, हिमांशु गुल्हाटी, डा. डीके श्रीवास्तव, डा. हरिओम प्रसाद, नवीन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

हरिद्वार की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com